# एलपीजी वितरकों की नियुक्ति हेतु सूचना

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (एचपीसीएल) की ओर से राज्य हरियाणा में (विभिन्न श्रेणियों में आने वाले) संबंधित आवेदकों से नीचे निर्दिष्ट स्थानों में विभिन्न श्रेणी के अंतर्गत एलपीजी वितरकों की नियुक्ति का प्रस्ताव किया जाता है :

| क्र. सं. | ऑयल कंपनी | स्थान का नाम (उस स्थान के विवरण के साथ, जहां यह लागू है) | ग्राम पंचायत | ब्लॉक | जिला | श्रेणी** | बाजार का प्रकार (एलपीजी वितरण— शहरी ग्रामीण (रूर्बन) / ग्रामीण / दुर्गम क्षेत्रीय वितरक) | प्रतिभूति जमा (राशि रु. लाख में) | मार्केटिंग प्लान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीपीसी | कितलाना | कितलाना | भिवानी | भिवानी | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 2 | बीपीसी | लोहानी | लोहानी | लोहानी | भिवानी | ओबीसी (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 3 | बीपीसी | रामसरा | रामसरा | भट्टू कलां | फतेहाबाद | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 4 | बीपीसी | लहेरियां | लहेरियां | भूना | फतेहाबाद | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 5 | बीपीसी | नंगथला | नंगथला | अग्रोहा | हिसार | ओपन (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 6 | बीपीसी | ढाकला | ढाकला | साल्हावास | झज्जर | ओपन (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 7 | बीपीसी | मुआना | मुआना | सफीदों | जींद | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 8 | बीपीसी | बाता | बाता | कालायत | कैथल | ओपन (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 9 | बीपीसी | कुंजपुरा | कुंजपुरा | करनाल | करनाल | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 10 | बीपीसी | नगीना | नगीना | नगीना | मेवात | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 11 | बीपीसी | बैंसी | बैंसी | लाखनमाजरा | रोहतक | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 12 | बीपीसी | खुइयां मलकाना | खुइयां मलकाना | डबवाली | सिरसा | ओबीसी (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 13 | बीपीसी | जठलाना | जठलाना | रादौर | यमुनानगर | ओबीसी (पीएच) | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 14 | बीपीसी | छप्पर मंसूरपुर | छप्पर मंसूरपुर | सरस्वती नगर | यमुनानगर | ओपन (जीपी) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 15 | एचपीसी | झोझू कलां | झोझू कलां | च. दादरी | च. दादरी | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 16 | एचपीसी | कुडल | कुडल | लोहारु | भिवानी | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 17 | एचपीसी | खारा खेड़ी | खारा खेड़ी | फतेहाबाद | फतेहाबाद | एससी (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 18 | एचपीसी | जमालपुर | जमालपुर | फरूखनगर | गुरुग्राम | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 19 | एचपीसी | मतलोडा | मतलोडा | बरवाला | हिसार | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 20 | एचपीसी | शामलो कलां | शामलो कलां | जुलाना | जींद | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 21 | एचपीसी | सुदकैन खुर्द | सुदकैन खुर्द | उचाना | जींद | ओबीसी (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 22 | एचपीसी | खरकां | खरकां | सीवन | कैथल | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 23 | एचपीसी | निजामपुर | निजामपुर | निजामपुर | महेन्द्रगढ़ | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 24 | एचपीसी | मालब | नूह | नूह | मेवात | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 25 | एचपीसी | बड़ा गुढ़ा | बड़ा गुढ़ा | बड़ा गुढ़ा | सिरसा | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 26 | एचपीसी | कालांवाली | कालांवाली | ओढ़ान | सिरसा | ओपन (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 27 | एचपीसी | सैदपुर | खरखौदा | खरखौदा | सोनीपत | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 28 | आईओसी | अटेला कलां | अटेला कलां | च. दादरी | च. दादरी | ओबीसी (जीपी) | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 29 | आईओसी | बौंद कलां | बौंद कलां | बौंद कलां | च. दादरी | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 30 | आईओसी | बधवाना | बधवाना | च. दादरी | च. दादरी | ओपन (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 31 | आईओसी | कैरू | कैरू | कैरू | भिवानी | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 32 | आईओसी | मिरान | मिरान | तोशाम | भिवानी | ओपन (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 33 | आईओसी | कुकरावाली | कुकरावाली | भट्टू कलां | फतेहाबाद | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 34 | आईओसी | नागपुर | नागपुर | फतेहाबाद | फतेहाबाद | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 35 | आईओसी | बिलासपुर | बिलासपुर | पटौदी | गुरुग्राम | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 36 | आईओसी | खेडला | खेडला | सोहना | गुरुग्राम | ओबीसी (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 37 | आईओसी | अग्रोहा | अग्रोहा | अग्रोहा | हिसार | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 38 | आईओसी | खेड़ी जसौर | खेड़ी जसौर | बहादुरगढ | झज्जर | ओबीसी | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 39 | आईओसी | साल्हावास | साल्हावास | साल्हावास | झज्जर | ओपन (सीसी) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 40 | आईओसी | धनौरी | धनौरी | नरवाना | जींद | एससी (जीपी) | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 41 | आईओसी | घसो कलां | घसो कलां | उचाना | जींद | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 42 | आईओसी | भूना | भूना | गुहला | कैथल | एससी (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 43 | आईओसी | फरल | फरल | पूण्डरी | कैथल | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 44 | आईओसी | गढ़ी बीरबल | गढ़ी बीरबल | इन्द्री | करनाल | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 45 | आईओसी | बड़ाम | बड़ाम | शाहबाद मारकंडा | कुरुक्षेत्र | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 46 | आईओसी | साकरस | फिरोजपुर झिरका | फिरोजपुर झिरका | मेवात | ओपन (जीपी) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 47 | आईओसी | उजीना | नूह | नूह | मेवात | ओबीसी (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 3 | 2017–18 |
| 48 | आईओसी | सिंगार | पुन्हाना | पुन्हाना | मेवात | ओपन (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 49 | आईओसी | सांघी | सांघी | रोहतक | रोहतक | एससी (डब्ल्यू) | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 50 | आईओसी | कथुरा | कथुरा | कथुरा | सोनीपत | एससी | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 51 | आईओसी | मुगलवाली | मुगलवाली | बिलासपुर | यमुनानगर | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |
| 52 | आईओसी | सिसवाल | सिसवाल | आदमपुर | हिसार | एससी (जीपी) | ग्रामीण | 2 | 2017–18 |
| 53 | आईओसी | कुंडली | कुंडली | राई | सोनीपत | ओपन | ग्रामीण | 4 | 2017–18 |

## निरस्त किए गये वितरक के विरूद्ध स्थान

| क्र. सं. | ऑयल कंपनी | स्थान का नाम | जिला | श्रेणी** | बाजार का प्रकार | प्रतिभूति जमा (राशि रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईओसी | अम्बाला सिटी | अम्बाला | ओपन (जीपी) | रूर्बन | 5 |
| 2 | बीपीसी | हिसार | हिसार | ओपन | रूर्बन | 5 |
| 3 | एचपीसी | एन. आई. टी. फरीदाबाद | फरीदाबाद | ओपन | शहरी | 5 |

****प्रयुक्त नामावली इस प्रकार है :–**

| | | |
|---|---|---|
| ओपन | – | खुली श्रेणी |
| एससी / एसटी | – | अनुसूचित जाति (अ.जा.) / अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) श्रेणी |
| ओबीसी | – | अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी |
| एससी / एसटी (जीपी) | – | रक्षा कार्मिक श्रेणी, केन्द्रीय / राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्रीय / राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों सहित सरकारी कर्मचारी जो अनु. जाति / अनु. जनजाति श्रेणी में आते हैं। |
| ओबीसी (जीपी) | – | रक्षा कार्मिक श्रेणी, केन्द्रीय / राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्रीय / राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों सहित सरकारी कर्मचारी जो अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में आते हैं। |
| ओपन (जीपी) | – | रक्षा कार्मिक श्रेणी, केन्द्रीय / राज्य सरकार के कर्मचारी एवं केन्द्रीय / राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों सहित सरकारी कर्मचारी जो ओपन श्रेणी में आते हैं। |
| एससी / एसटी (पीएच) | – | शारीरिक विकलांग कार्मिक श्रेणी, जिसमें अनु. जाति / अनु. जनजाति श्रेणी के शारीरिक विकलांग कार्मिक (दिव्यांगजन) आते हैं। |
| ओबीसी (पीएच) | – | शारीरिक विकलांग कार्मिक श्रेणी, जिसमें अन्य पिछड़े वर्ग श्रेणी के शारीरिक विकलांग कार्मिक (दिव्यांगजन) आते हैं। |
| ओपन (पीएच) | – | शारीरिक विकलांग कार्मिक श्रेणी, जिसमें ओपन श्रेणी के शारीरिक विकलांग कार्मिक (दिव्यांगजन) आते हैं। |
| ओपन (सीसी) | – | संयुक्त श्रेणी जिसके अन्तर्गत उत्कृष्ट खिलाड़ी कार्मिक (ओएसपी) एवं स्वतंत्रता सेनानी (एफएफ), जो खुली श्रेणी में आते हैं। |
| एससी / एसटी (डब्ल्यू) | – | एससी / एसटी श्रेणी की महिलाएं। |
| ओबीसी (डब्ल्यू) | – | ओबीसी श्रेणी की महिलाएं। |
| ओपन (डब्ल्यू) | – | ओपन (खुली) श्रेणी की महिलाएं। |

1. एलपीजी वितरक के चयन, एलपीजी गोदाम के लिए भूमि / एलपीजी गोदाम के लिए मूल संरचना की आवश्यकता तथा शोरूम / तैयार बने हुए शोरूम के लिए भूमि, सिलेण्डर की घर पर प्रदायगी के लिए मूल संरचना आदि के पात्रता मानदण्डों पर विस्तृत दिशानिर्देशों के साथ चयन प्रक्रिया के विवरण एलपीजी वितरकों के चयन हेतु ब्रोशर में दिए गए हैं, जिसे आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल, किसी भी तेल कंपनी की वेबसाइट – www.iocl.com, www.ebharatgas.com, www.bharatpetroleum.in, www.hindustanpetroleum.com से डाउनलोड किया जा सकता है। यह ब्रोशर वेबसाइट : www.lpgvitarakchayan.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
2. पात्रता मानदण्ड पूरे करने वाले शहरी वितरक, शहरी ग्रामीण (रूर्बन) वितरक, ग्रामीण वितरक या दुर्गम क्षेत्रीय वितरक (जो भी लागू है) के रूप में चयन के लिए आवेदन करने के इच्छुक सभी व्यक्ति वेबसाइट www.lpgvitarakchayan.in पर लॉग ऑन करें और वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कराएं। एक बार पंजीकरण होने के बाद वे लॉग इन करेंगे, सभी संबंध में आवश्यक विवरण भरेंगे और 11.09.2017 को 17.00 बजे तक या उसके पहले ऑनलाइन आवेदन जमा करें। आवेदन पत्र जमा करने से पहले आवेदकों को अपनी पासपोर्ट साइज की तस्वीर एवं हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रतियां अलग–अलग फाइलों में अपलोड करनी होगी। इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड सुविधा के जरिए, लागू अप्रतिदेय आवेदन शुल्क के साथ, जमा करना होगा, जो वेबसाइट www.lpgvitarakchayan.in पर उपलब्ध है। शहरी वितरक, रूर्बन वितरक, ग्रामीण वितरक और दुर्गम क्षेत्रीय वितरक के लिए लागू अप्रतिदेय आवेदन शुल्क नीचे तालिका 1 और 2 में दिया गया है :

**तालिका 1 : शहरी वितरक और रूर्बन वितरक स्थानों के लिए अप्रतिदेय आवेदन शुल्क**

| श्रेणी | अप्रतिदेय आवेदन शुल्क |
|---|---|
| ओपन | 10,000 रु. (केवल दस हजार रुपए)** |
| ओबीसी | 5,000 रु. (केवल पांच हजार रुपए) |
| एससी / एसटी | 3,000 रु. (केवल तीन हजार रुपए) |

****शहरी वितरक और रूर्बन वितरक** स्थानों के तहत ओपन श्रेणी के लिए विज्ञापन / अधिसूचना में उल्लिखित स्थानों के लिए आवेदन करने वाले अनु. जाति / अनु. जनजाति श्रेणी के आवेदक 3000 रुपए (केवल तीन हजार रुपए) का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं। जबकि ओबीसी श्रेणी के तहत आने वाले आवेदक यदि "ओपन" श्रेणी के स्थानों के लिए आवेदन करते हैं तो उन्हें खुली (ओपन) श्रेणी के लिए लागू आवेदन शुल्क जमा करना होगा।

**तालिका 2 : ग्रामीण वितरक स्थानों और दुर्गम क्षेत्रीय वितरक स्थानों के लिए अप्रतिदेय आवेदन शुल्क**

| श्रेणी | अप्रतिदेय आवेदन शुल्क |
|---|---|
| ओपन | 8,000 रु. (केवल आठ हजार रुपए)** |
| ओबीसी | 4,000 रु. (केवल चार हजार रुपए) |
| एससी / एसटी | 2,500 रु. (केवल दो हजार पांच सौ रुपए) |

****ग्रामीण वितरक और दुर्गम क्षेत्रीय वितरक** स्थानों के तहत ओपन श्रेणी के लिए विज्ञापन / अधिसूचना में उल्लिखित स्थानों के लिए आवेदन करने वाले अनु. जाति / अनु. जनजाति श्रेणी के आवेदक 2500 रुपए (केवल दो हजार पांच सौ रुपए) का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं। जबकि ओबीसी श्रेणी के तहत आने वाले आवेदक यदि "ओपन" श्रेणी के स्थानों के लिए आवेदन करते हैं तो उन्हें खुली (ओपन) श्रेणी के लिए लागू आवेदन शुल्क जमा करना होगा।

3. आवेदकों से अनुरोध है कि वे अन्य विवरणों के लिए ब्रोशर देखें। आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया के विषय में आवेदकों से अनुरोध है कि वे "आवेदकों के लिए उपयोगकर्त्ता पुस्तिका – एलपीजी वितरक चयन" को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले सावधानीपूर्वक पढ़ें, जो वेबसाइट www.lpgvitarakchayan.in पर उपलब्ध है।
4. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद किसी भी कार्यालय में भौतिक रूप में कोई दस्तावेज या आवेदन पत्र का प्रिंट आउट जमा करने की जरूरत नहीं है, जब तक इसका अनुरोध नहीं किया जाता है। भविष्य में, यदि आवेदक को लॉट्स के ड्रॉ में चुना जाता है तो चुने गए आवेदक को सत्यापन के समय पात्रता के लिए निर्दिष्ट लागू प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे। रक्षा कार्मिक श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले आवेदकों को फील्ड वेरिफिकेशन सत्यापन के समय पुनर्वास महा निदेशालय (डीजीआर) से प्राप्त मूल पात्रता प्रमाणपत्र जमा करना होगा। विवरणों के लिए कृपया ब्रोशर देखें।
5. सामान्य शर्तें
   - (क) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि., भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. के पास कोई भी कारण बताए बिना अपने विवेकानुसार इस विज्ञापन को रद्द करने / वापस लेने / संशोधित करने अथवा निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाने का अधिकार होगा।
   - (ख) एक आवेदक द्वारा विभिन्न स्थानों के लिए आवेदन दिया जा सकता है, प्रत्येक स्थान के संबंध में लागू अप्रतिदेय आवेदन शुल्क सहित प्रत्येक स्थान के लिए अलग अलग ऑनलाइन आवेदन पत्र दिया जाना चाहिए। आवेदक एक स्थान के लिए केवल एक ही आवेदन जमा कर सकते हैं।
   - (ग) यदि आवेदन पत्र में अथवा उसके साथ संलग्न किए गए दस्तावेज में या आवेदन पत्र के संदर्भ में बाद में किसी भी स्तर पर आवेदक द्वारा दी गई कोई सूचना छुपाई गई हो / गलत रूप से पेश की गई हो / गलत या झूठी पाई जाती है जो पात्रता पर प्रतिकूल असर डालती हो तो आवेदन पत्र को कोई कारण बताए बिना निरस्त कर दिया जाएगा और यदि आवेदक डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में नियुक्त कर लिया जाता है तो उसकी डिस्ट्रीब्यूटरशिप समाप्त कर दी जाएगी और संबंधित तेल विपणन कंपनी को दिया गया अप्रतिदेय आवेदन शुल्क / प्रतिभूति जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। ऐसे मामले में आवेदक / डिस्ट्रीब्यूटर संबंधित ऑयल कंपनी के विरुद्ध कोई दावा नहीं कर सकेंगे।
   - (घ) यह केवल संभावित आवेदकों से आवेदन पत्र मांगने के लिए एक विज्ञापन / अधिसूचना मात्र है और यह एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पाने का प्रस्ताव नहीं है।
   - (ङ) सभी पत्राचार वेबसाइट www.lpgvitarakchayan.in द्वारा आवेदक के पंजीकृत ई–मेल आईडी या पंजीकृत फोन पर ई–मेल अथवा एसएमएस द्वारा किया जाएगा।
   - (च) यह पूर्णतः एक व्यावसायिक प्रस्ताव है और संबंधित ऑयल कम्पनी में किसी नौकरी के लिए आवेदन नहीं है तथा इसमें सामान्य व्यापार के जोखिम है और यह किसी प्रकार की निश्चित आय अथवा लाभ की गारंटी नहीं देता।
   - (छ) यदि अंग्रेजी में प्रकाशित विज्ञापन में कोई विसंगति (यदि कोई है) पाई जाती है, तो साथ ही स्थानीय भाषा में, स्थानीय भाषा संस्करण में बताई गई जानकारी / निर्देश मान्य होंगे।
   - (ज) यदि वेबसाइट www.lpgvitarakchayan.in और इसके साथ इस विज्ञापन / अधिसूचना में आने वाले विवरणों में कोई विसंगति होती है तो इस प्रकाशित विज्ञापन / अधिसूचना के विवरण माने जाएंगे।
   - (झ) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि., भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि., आवेदक के बैंक खाते / डेबिट कार्ड खाते / क्रेडिट कार्ड खाते से किसी राशि की कटौती के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे, जो संबंधित तेल कंपनी के संबंधित बैंक खाते में हस्तांतरित अथवा जमा नहीं की गई है।
   - (ञ) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि., भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. एक आवेदन के लिए आवेदक द्वारा ऑनलाइन किसी अतिरिक्त राशि के भुगतान की वापसी के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे जो उसके बैंक खाते / डेबिट कार्ड खाते / क्रेडिट कार्ड खाते से किए गए हैं।